कार्यालय जिला पंचायत गाजियाबाद।
पत्रांकः– /नीलाम/जि0पं0गा0/2021–22 दिनांकः–

कार्यालय –ज्ञाप

वित्तीय वर्ष 2021–22(01 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 तक)की अवधि हेतु जिला पंचायत, गाजियाबाद के ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत बालू, मौरंग, रेत या अन्य खनिजों गिट्टी कोयला बजरी, भस्सी खारों से निकलने वाली मिट्टी को लेने एकत्रित करने तथा शक्ति चालित वाहनों यथा पशु चालित वाहन यथा ट्रैक्टर ट्राली, मिनी ट्रक, डम्पर पशु गाड़ी या मानव चालित नौका पर खनिज परिवहन शुल्क की वसूली के ठेके की ई–नीलामी के संबंध में कार्यालय पत्र सं0 732/नीलाम/जि0पं0गा0/2021–21 दिनांक 16.05.2020 द्वारा समाचार पत्र दैनिक अमर उजाला एंव दैनिक जागरण में प्रकाशित ई–नीलाम सूचना के कम में निर्धारित दिनांक 15.03.21 तक प्राप्त ई–निविदाओं की तकनीकी निविदा दिनांक 16.03.21 को खोली गई । प्राप्त कुल 4 निविदाओं में मावी कन्स्ट्रक्शन कं0 व मावी कोन्ट्रैक्टर द्वारा अपनी निविदा के साथ ई–टेण्डरिंग वेबसाईट पर जमानत धनराशि का बैंक ड्राफ्ट अपलोड नहीं किया है अपितु चैक अपलोड किया है। चैक अमान्य है तथा मूल रूप में भी कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किया है। उक्त दोनों निविदाएं तकनीकी रूप से असफल हैं। तीसरे निविदादाता मै0 कान्हा कन्स्ट्रक्शन कं0 द्वारा अपने अभिलेख एंव जमानत धनराशि का बैंक ड्राफ्ट मूल रूप में कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किये हैं। निविदा के साथ अपने अभिलेख प्रस्तुत न करने वाले निविदादाताओं की तकनीकी निविदा ,निविदा शर्तो के अनुसार तकनीकी रूप से अपूर्ण/अयोग्य हैं। नियमानुसार 3 से कम सफल निविदा होने के कारण वित्तीय निविदा खोली नहीं गई। उक्त कारण से उपरोक्त नीलाम सूचना में पूर्व निर्धारित दिनांक 23.03.21 की अपरान्ह 3.00 बजे तक इच्छुक बोलीदाताओं की निविदा शासकीय वेबसाईट https:// etender .up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता को जमानत धनराशि रू0 5.00 लाख(पॉच लाख) का बैक ड्राफ्ट जो कि अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, गाजियबाद के नाम बंधक हो एंव अपने चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाणपत्र (जो पच्चीस लाख से कम न हो) तथा फोटो पहचान पत्र वेबसाईट पर अपलोड कराना होगा। तदुपरान्त ही बोलीदाता अपनी बोली देने के लिए अनुमन्य माना जायेगा। अपलोड किये गये मूल अभिलेख दिनांक 23.03.21 की सॉय 5.00 बजे तक कार्यालय जिला पंचायत, गाजियाबाद में प्रस्तुत करने होंगे। उक्त ठेके नीलामी हेतु न्यूनतम बोली 3347800.00(तैंतीस लाख सैंतालीस हजार आठ सौ) रहेगी।

नीलाम समिति द्वारा दस्तावेजों के मिलान हेतु मूल प्रमाण पत्रों की मांग की जा सकती है। उच्चतम बोली दाता को अपनी बोली की समस्त धनराशि जिला निधि में निविदा खोले जाने के दिन सॉय 4.00 बजे तक खाता संख्या 448402010003855 यूनियन बैंक आफ इण्डिया, शाखा नेहरू नगर आई0एफ0एस0सी0 कोड UBIN0544841 मे जमा करना अनिवार्य होगा। नीलाम शर्ते पूर्ववत रहेंगी जो कि जिला पंचायत, गाजियाबाद की वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर तथा कार्यालय जिला पंचायत, गाजियाबाद जी ब्लाक कविनगर में किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत गाजियाबाद।

पृष्ठांकन संख्याः– 740(iii) तददिनांकः– 17.03.21

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1–जिलाधिकारी गाजियाबाद ।
2–मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद।
3–निदेशक तकनीकी (एन0आई0सी0) गाजियाबाद को जनपद की वेबसाइट www.ghaziabad. nic.in पर अपलोड हेतु।
4–वित्तीय परामर्शदाता, जिला पंचायत गाजियाबाद।
5–कार्य अधिकारी , जिला पंचायत गाजियाबाद।
6–कार्यालय जिला पंचायत, गाजियाबाद नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत, गाजियाबाद।